# माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०
## MAA PATESHWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.
(A Public University established under Uttar Pradesh State University Act 1973)

Website : https://mpublp.ac.in E-mail : coe.mpublp@gmail.com


पत्रांक सं.: माँ०पा०वि०वि०/COE/29/2025 दिनांकः 05 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या गण

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर

**विषयः- सी०सी०टी०वी० कैमरा एवं रिकार्डिंग हेतु डी०वी०आर० के साथ राउटर डिवाइस आदि से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या– 09/2018/1036/सत्तर–1–2018–16(9)/2018 के अनुपालन में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को सूचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त महाविद्यालयों में प्रवेश द्वार सहित प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं रिकार्डिंग हेतु डी0वी0आर0 के साथ राउटर डिवाइस लगा होना अनिवार्य है। प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025–2026 की परीक्षा हेतु उन्हीं महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जायेगा, जहाँ पर प्रवेश द्वार सहित प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं रिकार्डिंग हेतु डी0वी0आर0 के साथ राउटर डिवाइस उपलब्ध होंगे। इस सम्बन्ध इस पत्र में वर्णित गूगल **लिंक/फार्म** **https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSe0tRZNTA-mC9Apylc98eR1xJ9Uasqu7BsHJ7TIBk7wSWM3zw/viewform** के माध्यम से अपेक्षित सूचनाओं के साथ दिनांक 07.12.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक पूरित कर उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार उपर्युक्त से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं उक्त गूगल फार्म में पूरित कर दिनांक 07.12.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से सब्मिट करने के उपरान्त पूरित विवरण की छायाप्रति अपने महाविद्यालय लेटर हेड पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में परीक्षा केन्द्र बनाये जाने पर विचार नहीं किया जायेगा।

**भवदीय**

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को महाविद्यालय लॉगिन पोर्टल एवं वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक